दैनिक समाचार पत्र

# जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

वर्ष : 13 अंक : 187 मूल्य : 5 रू पृष्ठ : 8

मंगलवार
26 मई 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com


**अनमोल वचन**

"एक प्राचीन कहावत हैं जो पेड़ तूफानों में झुक जाते है वही बच जाते हैं, परमात्मा के सान्निध्य में रहों तुम्हे इसका अर्थ स्वयं समझ आ जायेगा।"

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में पद्म पुरस्कार-2026 प्रदान किए



नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह में वर्ष 2026 के लिए 66 जानी-मानी हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया। इनमें से दो हस्तियों को पद्म विभूषण, छह को पद्म भूषण और 58 को पद्मश्री से सम्मानित किया गया।

जाने-माने फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र सिंह देओल को कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। अभिनेता की पत्नी और लोकसभा सदस्य हेमा मालिनी ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। वायलिन वादक डॉ. एन. राजम को भी पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

यह पुरस्कार प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाते हैं। यह प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामलों, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल और सिविल सेवा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में दिए जाते हैं। पद्म विभूषण असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए, पद्म भूषण विशिष्ट सेवा के लिए और पद्मश्री किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाता है।

## संक्षिप्त न्यूज

### आईआरएफसी ने एल एंड टी मेट्रो रेल लिमिटेड के साथ 13,527 करोड़ रू के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए

हैदराबाद। रेल मंत्रालय के तहत आने वाली इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड-आईआरएफसी ने आज एल एंड टी मेट्रो रेल (हैदराबाद) लिमिटेड के साथ 13,527 करोड़ रूपये के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता हैदराबाद मेट्रो रेल परियोजना के ऋण को रीफाइनेंस करने के लिए किया गया है।

शहरी गतिशीलता के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से इस ऋण समझौते पर तेलंगाना के मुख्य सचिव के. रामकृष्ण राव और आईआरएफसी के मुख्य प्रबंध निदेशक मनोज कुमार दुबे की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

हैदराबाद मेट्रो रेल का पहला चरण, जो लगभग 69 किमी लंबा है और जिसमें 57 स्टेशन शामिल हैं, सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के तहत विकसित दुनिया की सबसे बड़ी मेट्रो रेल परियोजनाओं में से एक है।

### सर्वोच्च न्यायालय ने मनोरंजन और हॉस्पिटैलिटी संस्थानों में बाल श्रम पर सख्त रोक की मांग वाली जनहित याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया



नई दिल्ली । सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को मनोरंजन और हॉस्पिटैलिटी से जुड़े संस्थानों में बाल श्रम पर और ज्यादा सख्त रोक लगाने की मांग करने वाली एक जनहित याचिका पर नोटिस जारी किया है।

शीर्ष न्यायालय ने बच्चों के अधिकारों के लिए काम करने वाले एक समूह की दलीलों पर संज्ञान लिया। याचिकाकर्ता ने केंद्र सरकार को 18 साल से कम उम्र के बच्चों को ऑर्केस्ट्रा, डांस बार, मसाज पार्लर, स्पा और सैलून में काम करने या परफॉर्म करने पर रोक लगाने के निर्देश दिये जाने की मांग की है।

शीर्ष न्यायालय ने इस स्थिति को गंभीर मुद्दा बताते हुए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग को निर्देश दिया कि वह ऐसे संस्थानों में काम करने वाले बच्चों को बचाने और उनके पुनर्वास के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करे।

# गृह मंत्री अमित शाह अगले कुछ दिनों में भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा करेंगे और सुरक्षा से संबंधित बैठकें करेंगे



नई दिल्ली (एजेंसी)। गृह मंत्री अमित शाह अगले कुछ दिनों में भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा करेंगे और सुरक्षा से संबंधित बैठकें करेंगे। सूत्रों ने बताया कि वह आज रात राजस्थान के बीकानेर पहुंचेंगे और कल सुबह बी.एस.एफ की सांचू सीमा चौकी का दौरा करेंगे, जहां वह सुरक्षा बलों के साथ बातचीत कर उनके लिए कल्याणकारी योजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

दोपहर में, वह बीकानेर में सीमावर्ती क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेंगे। इस बैठक में गृह मंत्रालय और राजस्थान सरकार के अधिकारी, बी.एस.एफ अधिकारी, साथ ही पांच सीमावर्ती जिलों के जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक शामिल होंगे।

इस महीने की 29 तारीख को, श्री शाह गुजरात के भुज का दौरा करेंगे, जहां वह बी.एस.एफ की एक सीमा चौकी का मुआयना करेंगे। अगले महीने की 5 तारीख को, श्री शाह त्रिपुरा के सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा करेंगे। इसके बाद, वह पश्चिम बंगाल जाएंगे और वहां के सीमावर्ती क्षेत्रों का जायजा लेंगे।

# जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर और शोपियां जिलों में तीन जगहों पर एनआईए ने ली तलाशी



जम्मू-कश्मीर (एजेंसी)। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आज जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर और शोपियां जिलों में तीन जगहों पर तलाशी ली। अधिकारियों ने बताया कि शोपियां के इमाम साहिब इलाके में दारूल उलूम सिराजुल उलूम में छापे मारे गए। इस संस्था को पिछले महीने एक गैर-कानूनी संस्था घोषित किया गया था। शोपियां के मोलू चित्रगाम इलाके में जमात-ए-इस्लामी के पूर्व प्रमुख शाहजादा औरंगजेब के घर पर भी तलाशी ली गई, और श्रीनगर के लाल बाजार इलाके में लड़कियों के एक धार्मिक स्कूल, जामियात उल बनात में भी तलाशी हुई।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने हिमाचल प्रदेश में 1,947 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की




नई दिल्ली । सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हिमाचल प्रदेश में 1,947 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। श्री गडकरी ने परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने और गुणवत्ता निगरानी को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

इससे पहले दिन में, श्री गडकरी ने राजस्थान में 10 हजार किलोमीटर से अधिक राष्ट्रीय राजमार्गों की स्थिति की भी व्यापक समीक्षा की। उन्होंने टिकाऊ और कुशल राजमार्गों के निर्माण के लिए समय पर परियोजना वितरण, कड़े गुणवत्ता मानकों का पालन और उन्नत प्रौद्योगिकियों के एकीकरण के महत्व पर बल दिया।

## सरकार ने कहा- देश में पेट्रोलियम और एलपीजी की आपूर्ति सुचारू, उर्वरकों का भंडार भी पर्याप्त

नई दिल्ली। सरकार देश में पेट्रोलियम उत्पादों की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। पश्चिम एशिया संघर्ष पर आज नई दिल्ली में आयोजित अंतरमंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में एलपीजी का उत्पादन बढ़ाकर 50 हजार टन प्रतिदिन कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि देश में पिछले चार दिनों में लगभग 1.72 करोड़ घरेलू एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए हैं। सुश्री शर्मा कहा कि इस महीने की शुरूआत से अब तक लगभग 1.56 लाख टन व्यावसायिक एलपीजी की बिक्री हुई है, जबकि पिछले चार दिनों में 24 हजार टन से अधिक व्यावसायिक एलपीजी की बिक्री हुई।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि क्षेत्र में स्थित भारतीय दूतावास प्रवासी भारतीयों के कुशल मंगल के लिए लगातार उनके संपर्क में हैं। श्री जायसवाल ने कहा कि मंत्रालय खाड़ी क्षेत्र में बड़ी संख्या में मौजूद अपने नाविक समुदाय को हरसंभव सहायता प्रदान कर रहा है।

उर्वरक विभाग की अपर सचिव अपर्णा शर्मा ने बताया कि देश में उर्वरकों का भंडार संतोषजनक बना हुआ है। उन्होंने जानकारी दी कि 3.90 करोड़ मीट्रिक टन से अधिक के वार्षिक आकलन के मुकाबले वर्तमान में उपलब्ध भंडार 2 करोड़ मीट्रिक टन से अधिक हैं।

अपर सचिव ने बताया कि कच्चे माल और तैयार उर्वरकों की उपलब्धता की नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है। उन्होंने समग्र स्थिति को स्थिर और सुव्यवस्थित बताया।

## जम्मू-कश्मीरः रसदार और गहरे लाल रंग की चेरी फल अब मुम्बई के बाजारों तक पहुंचेगा

जम्मू-कश्मीर । रसदार और गहरे लाल रंग की चेरी फल अब मुम्बई के बाजारों तक पहुंचेगा। मौसम का पहला चेरी फल का विशेष पार्सल वाहन आज जम्मू से रवाना हुआ। यह जम्मू-कश्मीर के कृषि उत्पादन को उचित समय में देश के प्रत्येक कोने में पहुंचाने की दिशा में रेलवे की एक बड़ी उपलब्धि है। लगभग 966 बक्सों में करीब 12 टन चेरी को मौसम के पहले पार्सल वाहन में लोड किया गया।इस फल की कोमल ताजगी को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने विशेष व्यवस्था की है। यह पार्सल वाहन जम्मू से बांद्रा टर्मिनस तक सिर्फ 33 घंटों के रिकॉर्ड समय पर पहुंचेगा। इस प्रकार की तेज डिलिवरी चेरी की गुणवत्ता को संरक्षित करेगा और मुम्बई के लोग बगीचे से सीधे चुनी गई ताजा चेरी का स्वाद ले सकेंगे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक उचित सिंघल ने कहा कि चेरी एक अति कोमल फल है। इस फल को कुछ घंटों के भीतर बाजार तक पहुंचाना एक चुनौती है। श्री सिंघल ने कहा कि इस सीजन में व्यापारियों की हर मांग को पूरी करने के लिए रेलवे के पास पर्याप्त पार्सल वाहन और उपलब्ध पर्याप्त संसाधन हैं।

# युगांडा में इबोला के दो नए मामले सामने आए, संक्रमितों की संख्या बढ़कर सात हुई




युगांडा(एजेंसी)। युगांडा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने इबोला के दो नए मामलों की जानकारी दी है, जिससे संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। ये सभी मामले पड़ोसी देश कांगो में फैले इबोला से जुड़े हैं।

कांगो के अधिकारियों ने बताया है कि देश के पूर्वी हिस्से में चल रहे इस प्रकोप में इबोला के संदिग्ध मामलों की संख्या अब 900 से ज़्यादा हो गई है। कांगो के संचार मंत्रालय ने रविवार एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि 904 संदिग्ध मामले सामने आए हैं और 119 संदिग्ध मौतें हुई हैं।

अधिकारियों ने इससे पहले इबोला के 700 से ज़्यादा संदिग्ध मामलों और 170 से ज़्यादा संदिग्ध मौतों की घोषणा की थी। इनमें से ज़्यादातर मामले इटुरी प्रांत में सामने आए थे, जहाँ इस बीमारी का प्रकोप सबसे ज़्यादा है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि यह प्रकोप अब कांगो के लिए बहुत ज़्यादा खतरनाक हो गया है, लेकिन इस बीमारी के दुनिया भर में फैलने का जोखिम अभी भी कम है। इस प्रकोप के लिए जिम्मेदार इबोला वायरस का अभी तक कोई स्वीकृत टीका या इलाज उपलब्ध नहीं है।

# वार्षिक हज यात्रा के लिए मिना में इकट्ठा हो रहे हैं भारत सहित दुनिया भर के लाखों जायरीन



सऊदी अरब (एजेंसी)। वार्षिक हज यात्रा के लिए भारत सहित दुनिया भर से लाखों जायरीन सऊदी अरब के मिना में इकट्ठा हो रहे हैं। पवित्र शहर मक्का से अपनी यात्रा शुरू कर रहे जायरीन मिना की 'टेंट-सिटी' में इकट्ठा हो रहे हैं। वे वहाँ रात बिताएंगे और कल तड़के अराफात के मैदानों की ओर बढ़ेंगे, जहाँ वे हज के मुख्य अनुष्ठान के तौर पर प्रार्थना करेंगे।

इस वर्ष की हज यात्रा में भारत से लगभग एक लाख 75 हजार यात्री भाग ले रहे हैं। इससे पहले अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने एक सुचारू, सुरक्षित और आरामदायक हजयात्रा सुनिश्चित करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। 'हज सुविधा' मोबाइल ऐप के माध्यम से भारतीय जायरीनों को जानकारी और शिकायत दर्ज कराने की सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

# कथित रूप से गुप्त स्थान पर रह रहे हैं ईरान के सर्वोच्च नेता मुज्तबा खामेनेई



अमरीका(एजेंसी)। अमरीका के खुफिया अधिकारियों का हवाला देने वाली एक रिपोर्ट के अनुसार ईरान के सर्वोच्च नेता मुज्तबा खामेनेई अत्यधिक प्रतिबंधित संचार के साथ कथित रूप से एक गुप्त स्थान पर रह रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सर्वोच्च नेता को संदेश कुरियर के एक नेटवर्क के जरिये पहुंचाए जा रहे हैं। इस कारण ईरान की सरकार की संचार व्यवस्था में काफी देरी हो रही है तथा अमरीका के साथ वार्ता की गति धीमी पड़ रही है।

अमरीका के अधिकारियों ने दावा किया कि ईरान के भीतर से एकत्रित खुफिया जानकारी अमरीकी और इस्राएली बलों को ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के दौरान ईरान के वरिष्ठ नेताओं को निशाना बनाने में सहायक साबित हुई। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मुज्तबा खामेनेई हाल के हमलों में घायल हुए हैं। घायल होने के बाद उन्होंने सुरक्षा के कड़े उपाय अपना लिए हैं। संघर्ष शुरू होने के बाद वे सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आए हैं।

# जिला विकास एवं निगरानी समिति की बैठक का आयोजन

## डी प्लान के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में करीब 24 करोड़ रूपये के करवाए जाएंगे विकास कार्य : कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा




जीत समाचार हरियाणा(ब्यूरो)। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा की अध्यक्षता में सोमवार को स्थानीय विकास भवन के सभागार में जिला विकास एवं निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिला विकास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में करवाए जाने वाले विभिन्न विकास कार्यों के लिए करीब 23 करोड़ 75 लाख रूपये की राशि की स्वीकृति प्रदान की गई।

मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि जिला विकास योजना के अंतर्गत करवाए जाने वाले विकास कार्यों की अनुमानित लागत जल्द तैयार करवाई जाए ताकि उन्हें समय पर पूरा करवाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में करवाए जाने वाले कार्यों की सूची इस ढंग से तैयार की जाए ताकि वे नॉट फिजीबल ना पाए जाएं बल्कि लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य पूरे करवाए जाएं। उन्होंने कहा कि जिला के स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के विकास को लेकर दी गई विकास कार्यो की सूची को गंभीरता से लें और उन विकास कार्यो को जल्दी पूरा करवाएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि डी-प्लान का पैसा लैप्स ना होने दिया जाए बल्कि उसे निर्धारित समय अवधि में प्रयोग करके विकास कार्यों की गति को तेज किया जाए।

इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का स्वागत किया और वित्तीय वर्ष 25-26 के दौरान जिला विकास योजना के अंतर्गत करवाए गए विकास कार्यों और उन पर खर्च राशि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष 319 विकास कार्य इस योजना के अंतर्गत स्वीकृत किए गए थे जिनमें से 273 विकास कार्य पूरे हो चुके हैं तथा 40 विकास कार्य प्रगति पर हैं और शेष 6 कार्य स्थगित पाए गए। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष के दौरान ग्रामीण क्षेत्र में 15 करोड़ 89 लाख 21 हजार रूपये की राशि व शहरी क्षेत्र में करीब 7 करोड़ 86 लाख की राशि के विकास कार्य करवाए जाने प्रस्तावित हैं। इसमें सामान्य कंपोनेंट में 14 करोड़ 25 लाख व एससी कंपोनेंट में 9 करोड़ 50 लाख रूपये की राशि के विकास कार्य शामिल हैं।

# 14 जून तक कराएं आधार कार्ड को निशुल्क अपडेट : उपायुक्त

जीत समाचार हरियाणा (ब्यूरो)। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि नागरिक 14 जून तक अपने आधार कार्ड को निशुल्क अपडेट करवा सकते हैं। यह मुफ्त सेवा केवल 'माय आधार पोर्टल' पर उपलब्ध है।

उन्होंने बताया कि आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए नागरिकों को नाम, जन्म तिथि, रिहायशी प्रमाण पत्र या अन्य निर्धारित पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा। निर्धारित तिथि के बाद आधार अपडेट के लिए शुल्क देना होगा। ऑनलाइन अपडेट की सुविधा सिर्फ उन्हीं लोगों के लिए है, जिनका मोबाइल नंबर उनके आधार से लिंक है। उपायुक्त ने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है और 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट कराना जरूरी है। नागरिक खुद भी http://uidai-gov-in/ वेबसाइट पर जाकर इसे अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा किसी भी सीएससी व आधार सेंटर पर जाकर आधार कार्ड अपडेट कराया जा सकता है।

# चिह्नित अपराधों को लेकर बैठक, जांच में तेजी के निर्देश



जीत समाचार हरियाणा।

डॉ. रईया ने ये निर्देश आज यहां लघु सचिवालय में आयोजित चिन्हित अपराधों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक में आपराधिक मामलों पर चर्चा की गई, जिसमें महिलाओं के विरूद्ध अपराध, पासपोर्ट एक्ट, पॉक्सो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट से संबंधित मामले शामिल है।

बैठक में पुलिस उपाधीक्षक द्वारा बताया गया कि जिला में चिन्हित अपराध के अब तक 139 केस आए हैं। इनमें से 33 में फैसला हो चुका है। बीस मामलों में सजा सुनाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि तीन मामलों में भगोड़ा घोषित किए जा चुके हैं। अभियुक्त की मृत्यु के कारण एक मामला बंद कर दिया गया है। इसके अलावा 81 केस गवाही पर हैं। चार मामलों में आरोप तय किए जाने है जबकि तीन में बचाव पक्ष की ओर से गवाही होनी हैं।

उन्होंने पुलिस अधिकारी को निर्देश दिए कि चिन्हित अपराध में कोर्ट में जाने से पहले अच्छी तरह जांच कर संगीन मामलों की रिपोर्ट तैयार की जाए और की गई कार्यवाही के बारे में उन्हें अवगत करवाया जाए। मामलों की जांच प्रक्रिया में तेजी ला कर जल्द निपटान किया जाए ताकि पीड़ित को समय पर न्याय मिल सके। जिन संगीन आपराधिक मामलों में आरोप तय हो चुके हैं, ऐसे मामलों में न्यायालय के माध्यम से अपराधियों को कानून के अनुसार सजा दिलवाना सुनिश्चित किया जाए ताकि आपराधिक प्रवृति के लोगों में कड़ा संदेश जाए तथा वे इस प्रकार की गतिविधियों से दूर रहें। बैठक में जिला न्यायवादी डॉ पंकज सैनी के अलावा डीएसपी संदीप भी मौजूद रहे।

# निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य : डॉ. आनंद कुमार शर्मा




जीत समाचार हरियाणा (ब्यूरो)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि आगामी 5 जून से मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) शुरू होने जा रहा है। एसआईआर का उद्देश्य किसी की वोट का काटना नहीं अपितु यह गहन पुनरीक्षण का कार्य मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए है। इससे जुड़े सभी कार्य चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर प्राथमिकता के आधार पर पूरे किए जाएं। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि सभी राजनीतिक दल आयोग के निर्देशानुसार जल्द से जल्द बीएलए दो की नियुक्ति करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा सोमवार को लघु सचिवालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। इस मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसलिए सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। साथ ही राजनीतिक दलों से प्रत्येक बूथ पर बीएलए-2 की नियुक्ति सुनिश्चित करें ताकि वे इस प्रक्रिया में मदद कर सकें। उन्होंने सभी संबंधित ईआरओ को निर्देश दिए कि वे अपनी संबंधित विधानसभाओं में हेल्पलाइन नंबर स्थापित करें। इस नंबर पर कोई भी बीएलए, बीएलओ व मतदाता संपर्क कर एसआईआर से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकता है।

उन्होंने बताया कि जिला में करनाल, नीलोखेड़ी, इंद्री, घरौंडा व असंध सहित पांच विधानसभाएं हैं और कुल 1181 बूथ हैं। एसआईआर की क्वालिफाइंग तिथि 1 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। इसके तहत बीएलओ का प्रशिक्षण एवं आवश्यक सामग्री वितरण 5 से 14 जून तक किया जाएगा, जबकि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन 15 जून से 14 जुलाई तक, मतदान केंद्रों को रेशनलाइजेशन 14 जुलाई तक, ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 21 जुलाई को किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 21 जुलाई से 20 अगस्त तक रहेगी, जबकि दावे और आपत्तियों का निपटान 21 जुलाई से 18 सितंबर, 2026 तक किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 सितंबर, 2026 को होगा।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

## ‘आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस’ का भविष्य और चुनौतियाँ

आज के दौर में सबसे महत्वपूर्ण और चर्चित वषय ‘आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस’ का भविष्य और चुनौतियाँ’ है। इसी विषय पर आधारित एक लेख नीचे दिया गया है।

आधुनिक युग की क्रांतिः आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ( और हमारा भविष्य
आज हम जिस दौर में जी रहे हैं, उसे शडिजिटल क्रांतिश का चरम कहा जाए तो गलत नहीं होगा। इस क्रांति के केंद्र में है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्मार्टफोन में मौजूद वॉयस असिस्टेंट से लेकर जटिल मेडिकल डायग्नोसिस तक, ‘आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने हमारे काम करने और सोचने के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है। लेकिन क्या यह तकनीक हमारे लिए वरदान है या एक अनजाना खतरा?

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस  का बढ़ता प्रभाव
आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज केवल तकनीक तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुका है। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, वित्त, और परिवहन जैसे क्षेत्रों में ‘आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका लगातार बढ़ रही है। डेटा के विश्लेषण में इंसानी दिमाग की तुलना में मशीनों की गति और सटीकता ने काम को घंटों से घटाकर मिनटों में ला दिया है।

अवसर और चुनौतियाँ
।आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसके साथ जहां असीमित अवसर हैं, वहीं गंभीर चुनौतियाँ भी हैं।
नौकरियों पर प्रभाव सबसे बड़ी चिंता यह है कि क्या ‘आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंसानों की जगह ले लेगा? यह सच है कि कुछ पारंपरिक नौकरियां खत्म हो रही हैं, लेकिन ‘आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसे  कारण नए प्रकार के कौशल  और रोजगार के अवसर भी पैदा हो रहे हैं।

नैतिकता और गोपनीयतारू डेटा प्राइवेसी आज का सबसे बड़ा मुद्दा है। ‘आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम कैसे डेटा का उपयोग करते हैं और क्या वे निष्पक्ष हैं, यह बहस का विषय है। एल्गोरिदम में पूर्वाग्रह ( होने से समाज में असमानता बढ़ने का खतरा बना रहता है।

मानवीय संवेदना का अभाव ‘आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस  कितना भी बुद्धिमान क्यों न हो जाए, उसमें मानवीय सहानुभूति, संवेदना और निर्णय लेने की शनैतिक क्षमताश का अभाव होता है।

निष्कर्ष संतुलन की आवश्यकता
आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भविष्य पूरी तरह से इस पर निर्भर करता है कि हम इसे कैसे नियंत्रित और निर्देशित करते हैं। तकनीक का विरोध करने के बजाय, हमें शतकनीकी साक्षरताश बढ़ाने पर जोर देना चाहिए। सरकारों और संस्थानों को ऐसे नियम बनाने की जरूरत है जो इनोवेशन को बढ़ावा दें, लेकिन साथ ही मानवीय मूल्यों और सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

अंत में, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस खुद में कोई शलक्ष्यश नहीं है, बल्कि यह एक शशक्तिशाली उपकरणश है। यह हम पर निर्भर करता है कि हम इस औजार का उपयोग दुनिया को और बेहतर बनाने के लिए करते हैं या इसे अपने नियंत्रण से बाहर जाने देते हैं।

–कमल पवार




जीत क्लासीफाइड

अपना क्लासिफाईड/ डिस्पले विज्ञापन
अपना नाम परिवर्तन, मकान,
शादी, जन्मदिन आदि के लिए सम्पर्क करे।
9803025111, 8878400009

जीत समाचार TV
जीत सच्ची खबर की
जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख वन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारो के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# लुधियाना जिले में 6 म्युनिसिपल काउंसिल चुनावों के लिए वीरपाल कौर को इलेक्शन ऑब्जर्वर बनाया गया है।

जीत समाचार लुधियाना (कमल पवार)। म्युनिसिपल काउंसिल चुनाव और 2026 को ध्यान में रखते हुए, स्टेट इलेक्शन कमीशन, पंजाब ने लुधियाना जिले की म्युनिसिपल काउंसिल खन्ना, जगराओं, पायल, दोराहा, रायकोट और समराला के चुनावों के लिए वीरपाल कौर, पीसीएस, पर्सनेल डिपार्टमेंट, पंजाब, को इलेक्शन ऑब्जर्वर नियुक्त किया है।
इलेक्शन ऑब्जर्वर वीरपाल कौर का मोबाइल नंबर 98557-13653 और ईमेल observerldhmc26@gmail.com है। उनका ऑफिस साइंटिस्ट होम, श्री गुरु अंगद देव वेटेरिनरी एंड एनिमल साइंसेज यूनिवर्सिटी, लुधियाना में है।

# ''मेरी रासो स्कीम'' एमएलए पप्पी पराशर ने गणेश नगर में राशन किट और स्मार्ट राशन कार्ड बांटे



जीत समाचार लुधियाना। सोमवार को एमएलए अशोक पराशर पप्पी ने लुधियाना सेंट्रल विधानसभा क्षेत्र के गणेश नगर इलाके में आम लोगों की सुविधा के लिए ''मेरी रासो स्कीम'' के तहत खास राशन किट बांटी।
इस मौके पर इलाके के लोगों में खास उत्साह देखा गया और बड़ी संख्या में लोगों ने इस पहल का स्वागत किया।एमएलए अशोक पराशर पप्पी ने कहा कि समाज के हर वर्ग को राहत पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता है और लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ऐसे सेवा कार्य लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि ''मेरी रासो स्कीम'' का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों की मदद करना है ताकि कोई भी परिवार जरूरी राशन से वंचित न रहे।
उन्होंने कहा कि लोगों की सेवा करना ही उनकी राजनीति का असली मकसद है और विधानसभा क्षेत्र के हर इलाके में प्राथमिकता के आधार पर जनकल्याण के काम किए जा रहे हैं। इलाके के लोगों ने भी इस पहल के लिए डस। अशोक पराशर पप्पी को धन्यवाद दिया और कहा कि ऐसी जनकल्याणकारी योजनाओं से आम परिवारों को बड़ी राहत मिलती है। इस मौके पर पार्षद, समर्थक और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।




# हीटवेव के कारण टाइमिंग में बदलावय अब सेवा केंद्र सुबह 7:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक खुले रहेंगे

जीत समाचार लुधियाना। जानकारी देते हुए एडिशनल डिप्टी कमिश्नर पूनम सिंह ने बताया कि हीटवेव के कारण अब जिले के सभी सेवा केंद्र सुबह 7:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक खुले रहेंगे।
उन्होंने बताया कि बढ़ती गर्मी और हीटवेव की स्थिति को देखते हुए पंजाब स्टेट ई-गवर्नेंस सोसायटी और पंजाब सरकार ने लोगों की सुविधा के लिए राज्य भर में सेवा केंद्रों के काम करने के समय में बदलाव किया है।
उन्होंने बताया कि पहले सभी सेवा केंद्र सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक खुले रहते थे, अब नया समय सुबह 7:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक तय किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि यह नया समय आज, 25 मई से शुरू होगा और अगले आदेश तक जारी रहेगा।
प्रशासन ने जिले के सभी सर्विस सेंटर को निर्देश दिया है कि वे यह पक्का करें कि बदले हुए समय की जानकारी आम लोगों को डिस्प्ले बोर्ड और दूसरे कम्युनिकेशन मीडिया के जरिए दी जाए, ताकि लोगों को सरकारी सर्विस लेने में किसी भी तरह की परेशानी न हो।

# लुधियाना में गलाड़ा ने बड़ी कार्रवाई की, 5 बिना इजाजत वाली कॉलोनियों को गिराया



जीत समाचार लुधियाना।
कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियन और ग्रेटर लुधियाना एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी के चीफ एडमिनिस्ट्रेटर ओजस्वी अलंकार के निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए, ग्रेटर लुधियाना एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी ने लुधियाना जिले में बिना इजाजत वाली कॉलोनियों और गैर-कानूनी कंस्ट्रक्शन के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है।
कार्रवाई के दौरान, ग्रेटर लुधियाना एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी ने डेहलों, जसपाल बांगर और ऊंची मंगली में मौजूद पांच बिना इजाजत वाली कॉलोनियों को गिरा दिया। अथॉरिटी ने भैरोमुना, गिल, जंडियाली, जसपाल बांगर, कोहरा, मराडो चौकी के पास संघू पैलेस और टिब्बा जैसे इलाकों में 12 बिना इजाजत वाली बिल्डिंग्स और गैर-कानूनी कंस्ट्रक्शन के खिलाफ भी कार्रवाई की।
इसके अलावा, चुरपुर, दाद, कंजिया, मनकवाल और थारीके जैसे गांवों में 20 अनऑथराइज्ड कॉलोनियों की रिपोर्ट आगे के रेवेन्यू और कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित तहसीलदारों को भेज दी गई है।
ग्रेटर लुधियाना एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी के एडिशनल चीफ एडमिनिस्ट्रेटर विकास हीरा ने लोगों से अनऑथराइज्ड कॉलोनियों में प्लॉट या बिल्डिंग न खरीदने की अपील की और निवासियों को सलाह दी कि वे कोई भी इन्वेस्टमेंट करने या प्रॉपर्टी खरीदने से पहले ळश्रक। की ऑफिशियल वेबसाइट के जरिए कॉलोनियों और प्रोजेक्ट्स का अप्रूवल स्टेटस जरूर चेक कर लें।

# पालमपुर न्यूज

## सेना भर्ती रैली के एडमिट कार्ड भारतीय थल सेना की वेबसाइट पर जारी, 1 जून से शुरू होगी परीक्षा

जीत समाचार पालमपुर(शानू धीमान)। सेना भर्ती कार्यालय, पालमपुर (हिमाचल प्रदेश) द्वारा सूचित किया गया है कि ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा 2026 के लिए एडमिट कार्ड भारतीय थल सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिए गए हैं। यह परीक्षा अग्निवीर सामान्य ड्यूटी , अग्निवीर तकनीकी , अग्निवीर क्लर्क/एसकेटी , अग्निवीर ट्रेड्समैन 10वीं पास, अग्निवीर ट्रेड्समैन 8वीं पास और अग्निवीर वूमन एमपी के पदों के लिए आयोजित की जा रही है।

भर्ती निदेशक ने बताया कि सभी श्रेणियों के लिए CEE परीक्षा 1 जून 2026 से शुरू होने जा रही है। उन्होंने सभी उम्मीदवारों को जल्द से जल्द अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड करने की सलाह दी है। यदि किसी उम्मीदवार को एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में किसी भी प्रकार की तकनीकी दिक्कत या अन्य समस्या का सामना करना पड़ता है, तो वे घबराएं नहीं। ऐसे उम्मीदवार व्यक्तिगत तौर पर सेना भर्ती कार्यालय, पालमपुर में आकर संपर्क कर सकते हैं या कार्यालय के दूरभाष क्रमांक संख्या 8894088311 पर कॉल करके सीधे अपनी समस्या का समाधान पा सकते हैं।

## मतगणना के लिए पूर्वाभ्यास आयोजित, एसडीएम ने दिए निष्पक्षता के निर्देश

जीत समाचार पालमपुर(शानू धीमान)।

पालमपुर नगर निगम चुनावों की मतगणना को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और त्रुटिहीन तरीके से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में आज कृषि उपनिदेशक कार्यालय के आत्मा परियोजना सभागार में मतगणना से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक विशेष पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पूर्वाभ्यास सत्र की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी (एआरओ) पालमपुर डॉ. ओपी यादव ने मतगणना ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मियों को आवश्यक और कड़े दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि संपूर्ण मतगणना प्रक्रिया को राज्य चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित किए गए तय नियमों और सुरक्षा मानकों के तहत ही अंजाम दिया जाएगा। डॉ. यादव ने कर्मचारियों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से मतों की गिनती करने और उससे जुड़े तकनीकी पहलुओं की बारीकियाँ समझाई, ताकि मतगणना के दिन किसी भी प्रकार के भ्रम या देरी की स्थिति पैदा न हो।

पूर्वाभ्यास के दौरान कार्य को पूरी सटीकता से अमलीजामा पहनाने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को लाइव डेमो भी प्रदान किया गया।

एसडीएम ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी से काम करने की अपील करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि तय नियमों का किसी भी सूरत में उल्लंघन नहीं होना चाहिए और चुनाव आयोग के हर एक मैनुअल का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए। इस पूर्वाभ्यास के दौरान उपस्थित कर्मचारियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया, ताकि पूरी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और विवाद रहित बनी रहे।

## वाहन पासिंग और लाइसेंस संबंधी सेवाओं के लिए नई तारीखें अलग से अधिसूचित की जाएंगी।

जीत समाचार पालमपुर (शानू धीमान)।एसडीएम पालमपुर डॉ. ओपी यादव ने जानकारी देते हुए कहा कि दिनांक 30-05-2026 और 31-05-2026 को होने वाली वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित प्रक्रियाएं स्थगित कर दी गई हैं।

यह निर्णय पंचायत चुनाव और नगर निगम चुनाव की मतगणना में कर्मचारियों की तैनाती और आधिकारिक व्यस्तताओं के कारण लिया गया है। वाहन पासिंग और लाइसेंस संबंधी सेवाओं के लिए नई तारीखें अलग से अधिसूचित की जाएंगी।

# डीडी न्यूज शिमला में नए पॉडकास्ट स्टूडियो 'म्हारा हिमाचल' का शुभारम्भ



जीत समाचार शिमला (एजेंसी)। दूरदर्शन समाचार, हिमाचल प्रदेश (डीडी न्यूज) ने सोमवार से संचार एवं संवाद की दिशा में एक नवाचार किया है ।डीडी न्यूज शिमला में आज से 'म्हारा हिमाचल' नाम से नए पॉडकास्ट स्टूडियो की शुरुआत की है। 'म्हारा हिमाचल' की टैग लाइन 'अपने लोग अपने किस्से' रखी गई है।

म्हारा हिमाचल पॉडकास्ट स्टूडियो का शुभारंभ आज दूरदर्शन समाचार, नईदिल्ली की महानिदेशक श्रीमती ममता वर्मा ने रिमोट के जरिए किया। अनौपचारिक बातचीत में श्रीमती वर्मा ने कहा कि आज के दौर में कंटेंट सबसे प्रमुख है। हम जितना अच्छा और पाजिटिव कंटेंट पेश करेंगे दर्शकों में उसे देखते रहने का भाव भी बढ़ता रहेगा। उन्होंने दूरदर्शन समाचार के इस नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि इस पहल से आम लोग समाज के कई जाने अनजाने लोगों की उपलब्धियों के बारे जान सकेंगे।

दूरदर्शन समाचार, शिमला की प्रमुख नंदिनी मित्तल ने बताया कि इस नए प्रयास और पहल का उद्देश्य देवभूमि हिमाचल में बिखरी प्रेरणादायक कहानियों से आम जनता को रूबरू कराना है । इसमें युवाओं के सपने, स्टार्ट अप की सफलताएं, पहाड़ी हौंसलों और महिलाओं की उम्मीदों को भी रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया जाएगा। इसके जरिए हिमाचल की विशिष्ट हस्तियों से जुड़े रोचक किस्से भी जानने का अवसर मिलेगा। म्हारा हिमाचल के पॉडकास्ट यूट्यूब पर देखे जा सकेंगे।

पॉडकास्ट स्टूडियो के शुभारंभ के बाद केंद्रीय संचार ब्यूरो के कलाकारों सहित विभिन्न कलाकारों ने हिमाचल की लोक संस्कृति से जुड़े मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

इस अवसर दूरदर्शनएवं आकाशवाणी के क्लस्टर हेड श्री कश्मीर सिंह, दूरदर्शन, आकाशवाणी एवं पीआईबी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# एचपीवी वैक्सीनेशन में प्राइवेट स्कूल भी दें योगदान : गंधवा राठौड़

### 31 मई तक 14-15 वर्ष आयु वर्ग की सभी लड़कियों को लगवाएं टीके




जीत समाचार हमीरपुर (ब्यूरो)। उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने जिला के सभी हाई एवं सीनियर सेकेंडरी स्कूलों के साथ-साथ सभी प्राइवेट स्कूलों के प्रमुखों और अन्य शिक्षकों से भी अपील की है कि वे एचपीवी वैक्सीनेशन से छूटी 14-15 वर्ष आयु वर्ग की सभी लड़कियों को एचपीवी वैक्सीन का टीका लगवाने के लिए प्रेरित करें और इस टीके के बारे में लड़कियों या उनके अभिभावकों में अगर कुछ भ्रांतियां हैं तो तुरंत उनका निवारण करें। अगर उनकी काउंसलिंग की आवश्यकता है तो स्वास्थ्य विभाग से भी संपर्क करें। इस आयु वर्ग की सभी लड़कियों को 31 मई तक एचपीवी वैक्सीन का टीका लग जाना चाहिए।

सोमवार को हिम अकादमी सीनियर सेकंडरी स्कूल विकासनगर में आयोजित एक जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गंधर्वा राठौड़ ने कहा कि एचपीवी वैक्सीन का एक टीका लड़कियों को जिंदगी भर सर्विकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) से बचा सकता है। उन्होंने बताया कि जिला हमीरपुर में 29 मार्च को आरंभ किए गए टीकाकरण अभियान में इस आयु वर्ग की लगभग 2967 लड़कियों को यह टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला में अभी तक 1318 लड़कियां यह टीका लगवा चुकी हैं। सोमवार को भी जिला में 19 लड़कियों ने यह टीका लगवाया।

इस अवसर पर खंड स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रमेश रत्तू ने भी छात्राओं और शिक्षकों को एचपीवी वैक्सीन के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# गणित शिक्षक भर्ती का फाइनल परिणाम घोषित, 308 उम्मीदवारों का चयन

हमीरपुर(ब्यूरो)। हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने शिक्षा विभाग में गणित के शिक्षकों के 312 पदों को फिक्स मानदेय के आधार पर भरने के लिए पोस्ट कोड-26003 के तहत आयोजित कंप्यूटर आधारित परीक्षा में सफल हुए उम्मीदवारों के दस्तावेजों की जांच के बाद अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है।आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि इन पदों के लिए कुल 3339 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 2792 उम्मीदवारों ने कंप्यूटर आधारित परीक्षा दी थी और इस परीक्षा में 493 उम्मीदवारों का चयन दस्तावेजों की जांच के लिए किया गया था। 14 से 19 मई तक दस्तावेजों की जांच के बाद 308 उम्मीदवारों का चयन किया गया है। पात्र उम्मीदवार न मिलने के कारण ओबीसी (स्वतंत्रता सेनानी परिजन) और एससी (स्वतंत्रता सेनानी परिजन) के 2-2 पद खाली रह गए हैं। सचिव ने बताया कि यह अंतिम परिणाम सभी उम्मीदवारों के नाम, रोल नंबर और अंकों सहित आयोग की वेबसाइट एचपीआरसीए.एचपी.जीओवी.इन hprca-hp-gov-in पर उपलब्ध करवा दिया गया है।

# 83 पंचायतों में प्रधान-उपप्रधान और 481 वार्ड सदस्यों का होगा फैसला



जीत समाचार हमीरपुर(ब्यूरो)।पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के पहले चरण में जिला हमीरपुर की 83 ग्राम पंचायतों में मंगलवार को सुबह 7 बजे से सायं 3 बजे तक मतदान के बाद प्रधान और उपप्रधान के 83-83 पदों और पंचायत वार्ड सदस्यों के 481 पदों का फैसला हो जाएगा। जबकि, जिला परिषद और बीडीसी के उम्मीदवारों का भाग्य मतपेटियों में बंद हो जाएगा।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। पहले चरण के लिए स्थापित किए गए 482 मतदान केंद्रों में मतदान दल रविवार को ही पहुंच गए थे और सोमवार को सभी बूथ भी स्थापित कर दिए गए हैं, ताकि मंगलवार सुबह ठीक 7 बजे से मतदान आरंभ किया जा सके।पंचायत के हर वार्ड के लिए एक-एक मतदान केंद्र बनाया गया है।सिर्फ भोरंज की ग्राम पंचायत कंजयाण के एक वार्ड के लिए दो मतदान केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि 3 बजे मतदान की समाप्ति के बाद निर्धारित मतगणना केंद्रों पर पंचायत प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्यों की मतगणना आरंभ कर दी जाएगी और शाम तक इनके परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे। जबकि, पंचायत समिति और जिला परिषद के मतों की गिनती 31 मई को सुबह 9 बजे सभी ब्लॉक मुख्यालयों में आरंभ होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) ने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा इस प्रक्रिया को शांतिपूर्वक संपन्न करवाने में सहयोग की अपील की है।

# आरबीआई के डीजीएम ने किया आरसेटी का निरीक्षण

जीत समाचार हमीरपुर(दिनेश शर्मा)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शिमला कार्यालय के उप महाप्रबंधक जसविंदर सिंह औजला ने सोमवार को यहां मट्टनसिद्ध स्थित पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने संस्थान में चल रहे प्रशिक्षण शिविर की प्रतिभागी महिलाओं के साथ संवाद भी किया और इस प्रशिक्षण के बारे में फीडबैक लिया। उप महाप्रबंधक और अन्य अधिकारियों ने शिविर की प्रतिभागी महिलाओं को उद्यमिता एवं स्वरोजगार के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्रदान कीं।

इससे पहले, संस्थान के निदेशक अजय कुमार कतना ने आरबीआई के उप महाप्रबंधक को संस्थान की विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों से अवगत करवाया। जबकि, जिला अग्रणी प्रबंधक धर्मेंद्र स्याल ने उप महाप्रबंधक और आरबीआई के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों का धन्यवाद किया।

इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक के शिमला कार्यालय के सहायक महाप्रबंधक आशीष शर्मा, लीड जिला अधिकारी आशीष सांगरा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# माँ दुर्गा माता टम्बर मेला का आज से आयोजित किया जा रहा

जीत समाचार जयसिंहपुर/टम्बर (अभिषेक)। आप सभी टम्बर वासियों को पता ही है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी माँ दुर्गा माता टम्बर मेला आप सबके सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।यह मेला हमारे बुजुर्गो की अनमोल धरोहर है, जिसका बीड़ा बाबा बालक नाथ युवक मंडल टम्बर ने उठाया है। इस परंपरा को आगे ले जाने के लिए आपके हौसले और आशीर्वाद की जरूरत है।

आप सबके सहयोग और समर्थन से 26 मई 2026, मंगलवार से दुर्गा माता मेले का शुभारंभ किया जा रहा है। आप सभी सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

कार्यक्रम व मुख्य आकर्षण:
26 मई 2026, मंगलवार : मेले का भव्य शुभारंभ, 27 मई 2026, बुधवार : खेलकूद प्रतियोगिताएँ: रस्साकशी, कुश्ती दौड़, महा दंगल, 28 मई 2026, वीरवार : रंगारंग सांस्कृतिक संध्या
- हिमाचल के सुप्रसिद्ध गायक श्री अमन भरमौरी
- युवा दिलों की धड़कन अनीश भारती की प्रस्तुति






दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
www.zeetsamachar.com

